कार्य एवं मजदूरी
(Work and Wages)

किसी व्यक्ति की मजदूरी उसके द्वारा किए गए कार्य के अनुपात में होती है जबकि उसके द्वारा लिए गए समय के विपरीत अनुपात में होती है अर्थात कोई व्यक्ति जितना अधिक कार्य करेगा उतनी ही ज्यादा उसकी मजदूरी होगी लेकिन कोई व्यक्ति किसी कार्य को करने में जितना अधिक समय लेगा उसकी मजदूरी उतनी कम होगी।

☞ इस तरह समझें



प्रश्न : राम 30 पेन 6 दिन में तथा मोहन उतने ही पेन 10 दिन में बनाता है। यदि एक पेन बनाने की मजदूरी 50 रु. हो, तो राम तथा मोहन की प्रतिदिन की मजदूरी कितनी है?



हल : चूंकि राम 6 दिन में बनाता है = 30 पेन

तो 1 दिन में बनाएगा = $\frac{30}{6}$ = 5 पेन

तथा मोहन 10 दिन में बनाता है = 30 पेन

तो 1 दिन में बनाएगा = $\frac{30}{10}$ = 3 पेन

स्पष्ट है राम प्रतिदिन 50 × 5 = 250 रु. तथा मोहन प्रतिदिन 50 × 3 = 150 रु. प्राप्त करता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कोई व्यक्ति किसी कार्य को करने में जितना अधिक समय लेगा उसकी दैनिक मजदूरी उतनी ही कम होगी।

चित्रात्मक प्रस्तुति

राम का प्रतिदिन का कार्य (5 पेन बनाना)

→ 1 पेन × 50 = 50 रु.
→ 1 पेन × 50 = 50 रु.
→ 1 पेन × 50 = 50 रु.
→ 1 पेन × 50 = 50 रु.
→ 1 पेन × 50 = 50 रु.

इस प्रकार राम को प्रतिदिन प्राप्त मजदूरी = 250 रु.

मोहन का प्रतिदिन का कार्य (3 पेन बनाना)

→ 1 पेन × 50 = 50 रु.
→ 1 पेन × 50 = 50 रु.
→ 1 पेन × 50 = 50 रु.

इस प्रकार मोहन को प्रतिदिन प्राप्त मजदूरी = 150 रु.

स्पष्ट है राम एक दिन में 5 पेन बनाकर 250 रु. तथा मोहन एक दिन में 3 पेन बनाकर 150 रु. मजदूरी प्राप्त करता है अर्थात कोई व्यक्ति किसी कार्य को करने में जितना अधिक समय लेगा मजदूरी उतनी कम होगी।

नोट : किसी व्यक्ति की मजदूरी उसके द्वारा किए गए कार्य के अनुपात में अर्थात समानुपाती एवं कार्य करने में लगे समय के विपरीत अनुपात में अर्थात व्युत्क्रमानुपाती होती है।

☞ उदाहरणार्थ एक प्रश्न देखें



प्रश्न : A किसी कार्य को 6 दिन में तथा B उसी कार्य को 5 दिन में करता है। यदि किसी कार्य को करने के लिए मजदूरी 220 रु. निर्धारित हो तो इसमें B का हिस्सा क्या होगा, जबकि A एवं B एक साथ काम किए हों ?

हल : परंपरागत विधि

A का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{6}$ भाग

B का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{5}$ भाग

A एवं B की मजदूरी का अनुपात होगा = $\frac{1}{6} : \frac{1}{5}$

$= 5 : 6$

अत: B की मजदूरी = $220 \times \frac{6}{5+6} \Rightarrow 220 \times \frac{6}{11}$

= 120 रु. ⇒ **उत्तर**

सामान्य समझ पर

A एवं B के समय में अनुपात = 6 : 5 है,
तो उनकी मजदूरी में अनुपात = 5 : 6 होगा।
आनुपातिक योग = 5 + 6 = 11

अत: B की मजदूरी = $220 \times \frac{6}{11} = 120$ रु.

☞ **एक साधारण प्रश्न देखें**

प्रश्न : A, B एवं C मिलकर प्रतिदिन 300 रु. कमाते हैं जबकि A और C मिलकर प्रतिदिन 188 रु. कमाते हैं व B और C मिलकर प्रतिदिन 152 रु. कमाते हैं। C की प्रतिदिन की कमाई क्या है?

हल : परंपरागत विधि

A, B एवं C प्रतिदिन कमाते हैं = 300 रु.
तथा A और C की प्रतिदिन कमाई = 188 रु.
तो B की प्रतिदिन कमाई = 300 – 188 = 112 रु.
B और C की प्रतिदिन कमाई = 152 रु.
तो C की प्रतिदिन कमाई = 152–112 ⇒ 40 रु. है।

☞ **एक और उदाहरणार्थ प्रश्न देखें**

प्रश्न : A, B एवं C किसी कार्य को क्रमश: 6, 8 एवं 12 दिन में करते हैं। तीनों एक साथ किसी कार्य को करके 1350 रु. प्राप्त करते हैं। A का भाग कितना होगा?

हल : परंपरागत विधि

A का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{6}$ भाग

B का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{8}$ भाग

तथा C का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{12}$ भाग

तीनों का एक दिन का कार्य क्रमश: होगा

$= \frac{1}{6}, \frac{1}{8}, \frac{1}{12}$

तीनों की मजदूरी में अनुपात = $\frac{1}{6} \times 24 : \frac{1}{8} \times 24$

$: \frac{1}{12} \times 24$

(प्रत्येक में हरों के ल.स. अर्थात 24 से गुणा किया गया)

= 4 : 3 : 2

आनुपातिक योग = 4 + 3 + 2 = 9

अत: कुल मजदूरी में A का हिस्सा = $1350 \times \frac{4}{9}$

= 600 रु. ⇒ **उत्तर**

उदाहरणार्थ प्रश्न

प्रश्न 1. A तथा B किसी कार्य को अलग-अलग 10 तथा 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि पूरे कार्य की मजदूरी 450 रु. हो, तो B को कितने रुपये प्राप्त होंगे ?

हल : परंपरागत विधि

A का एक दिन का काम = $\frac{1}{10}$ भाग

B का एक दिन का काम = $\frac{1}{15}$ भाग

A और B के पारिश्रमिक में अनुपात = $\frac{1}{10} : \frac{1}{15}$

$$= \frac{30}{10} : \frac{30}{15}$$

$$= 3 : 2$$

आनुपातिक योग $= 3 + 2 = 5$

$\therefore$ 450 रुपये में B का पारिश्रमिक $= 450 \times \frac{2}{5}$

$= 180$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



पूर्णांक विधि

मान लीजिए कुल 30 कार्य हैं।

A, 10 दिन में करता है $= 30$ कार्य

तो 1 दिन में करेगा $= \frac{30}{10} = 3$ कार्य

B, 15 दिन में करता है $= 30$ कार्य

तो 1 दिन में करता है $= \frac{30}{15} = 2$ कार्य

स्पष्ट है A और B मिलकर $3 + 2 = 5$ कार्य करते हैं 1 दिन में।

$\because$ A और B मिलकर 5 कार्य करते हैं $= 1$ दिन में। $\therefore$ दोनों मिलकर कुल 30 कार्य करेंगे $= \frac{1}{5} \times 30 = 6$ दिन में

B का 6 दिन में कुल $6 \times 2 = 12$ कार्य

$\because$ कुल 30 कार्य की मजदूरी $= 450$ रु. है

$\therefore$ B द्वारा किया गया 12 कार्य की मजदूरी

$$= \frac{450}{30} \times 12 = 180 \text{ रु.} \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$



प्रश्न 2. दो व्यक्ति किसी कार्य को 200 रु. में करने का ठेका लेते हैं। एक व्यक्ति अकेला उस कार्य को 6 दिन में तथा दूसरा व्यक्ति 8 दिन में कर सकता है। उन दोनों ने एक बालक की सहायता से कार्य को 3 दिन में पूरा किया। मजदूरी में प्रत्येक का हिस्सा ज्ञात करें?



हल : परंपरागत विधि

प्रथम व्यक्ति का 3 दिन का कार्य $= \frac{1}{6} \times 3 = \frac{1}{2}$ भाग

द्वितीय व्यक्ति का 3 दिन का कार्य $= \frac{1}{8} \times 3 = \frac{3}{8}$ भाग

बालक का 3 दिन का कार्य $= 1 - \left(\frac{1}{2} + \frac{3}{8}\right)$

$= 1 - \left(\frac{4+3}{8}\right)$

$= 1 - \frac{7}{8} = \frac{1}{8}$ भाग

इस प्रकार उनकी मजदूरी का अनुपात $= \frac{1}{2} : \frac{3}{8} : \frac{1}{8}$

$= 4 : 3 : 1$

आनुपातिक योग $= 4 + 3 + 1 = 8$

$\therefore$ प्रथम व्यक्ति का भाग $= 200 \times \frac{4}{8} = 100$ रु.

द्वितीय व्यक्ति का भाग $= 200 \times \frac{3}{8} = 75$ रु.

तथा बालक का भाग $= 200 \times \frac{1}{8} = 25$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



पूर्णांक विधि

मान लीजिए कुल 24 कार्य हैं।

प्रथम व्यक्ति 6 दिन में करता है $= 24$ कार्य

तो 1 दिन में करेगा $= \frac{24}{6} = 4$ कार्य

द्वितीय व्यक्ति 8 दिन में करता है $= 24$ कार्य

तो 1 दिन में करेगा $= \frac{24}{8} \Rightarrow 3$ कार्य

प्रथम व्यक्ति द्वितीय व्यक्ति तथा बालक मिलकर 3 दिन में करते हैं $= 24$ कार्य

$\therefore 1$ दिन के करते हैं $= \frac{24}{3} \Rightarrow 8$ कार्य

बालक का एक दिन का कार्य = तीनों का एक दिन का कार्य – (प्रथम व्यक्ति और द्वितीय व्यक्ति का एक दिन का कुल कार्य)

$= 8 - (4 + 3)$

$= 8 - 7 = 1$

अतः प्रथम व्यक्ति द्वितीय व्यक्ति तथा बालक की मजदूरी का अनुपात = 4 : 3 : 1

आनुपातिक योग = 4 + 3 + 1 = 8

$\therefore$ प्रथम व्यक्ति का भाग = $200 \times \frac{4}{8} = 100$ रु.

द्वितीय व्यक्ति का भाग = $200 \times \frac{3}{8} = 75$ रु.

तथा बालक का भाग = $200 \times \frac{1}{8} = 25$ रु. ⇒ **उत्तर**

प्रश्न 3. 1440 रु. को 7 व्यक्ति, 13 स्त्रियों एवं 5 बच्चों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि प्रत्येक औरत को बच्चे का 3 गुना तथा प्रत्येक पुरुष को एक औरत और एक बच्चे के बराबर धन प्राप्त हो ?

हल : परंपरागत विधि

माना एक बच्चे की मजदूरी = x रु.

तो एक महिला की मजदूरी = $3x$ रु. होगी

तथा एक पुरुष की मजदूरी = $x + 3x = 4x$ रु.

इस प्रकार एक पुरुष, एक स्त्री एवं एक बच्चे की मजदूरी में अनुपात = $4x : 3x : x$

= 4 : 3 : 1 होगा।

तब 7 पुरुष, 13 स्त्रियां एवं 5 बच्चों की मजदूरी का अनुपात = $4 \times 7 : 3 \times 13 : 1 \times 5$

= 28 : 39 : 5 होगा।

आनुपातिक योग = 28 + 39 + 5 = 72

$\therefore$ 7 पुरुषों का भाग = $1440 \times \frac{28}{72} = 560$ रु.

13 स्त्रियों का भाग = $1440 \times \frac{39}{72} = 780$ रु.

तथा 5 बच्चों का भाग = $1440 \times \frac{5}{72} = 100$ रु.

⇒ **उत्तर**

सामान्य समझ पर

एक बच्चे की मजदूरी का तीन गुना एक स्त्री की मजदूरी है तथा एक स्त्री एवं एक बच्चे की मजदूरी का योग एक पुरुष की मजदूरी है अर्थात पुरुष, स्त्रियों एवं बच्चों की मजदूरी में अनुपात = 4 : 3 : 1

इनकी संख्या में अनुपात = 7 : 13 : 5

इस प्रकार इनकी कुल मजदूरी में अनुपात

$= 4 \times 7 : 13 \times 3 : 1 \times 5$

$= 28 : 39 : 5$

आनुपातिक योग = 28 + 39 + 5 = 72

$\therefore$ 7 पुरुषों का भाग = $1440 \times \frac{28}{72} = 560$ रु.

13 स्त्रियों का भाग = $1440 \times \frac{39}{72} = 780$ रु.

तथा 5 बच्चों का भाग = $1440 \times \frac{5}{72} = 100$ रु. होगा।

⇒ **उत्तर**

प्रश्न 4. A एक काम को 10 दिन में और B, 15 दिन में कर सकता है। वे 5 दिन काम करते हैं, शेष बचे काम को C, 2 दिन में पूरा करता है। यदि सारे कार्य का उन्हें 1500 रु. प्राप्त हुआ, तो B तथा C की इकट्ठी एक दिन की कुल मजदूरी कितनी है?

हल : परंपरागत विधि

A का 1 दिन का कार्य = $\frac{1}{10}$ भाग

B का 1 दिन का कार्य = $\frac{1}{15}$ भाग

A का 5 दिन का कार्य $= \frac{1}{10} \times 5 = \frac{5}{10} = \frac{1}{2}$

B का 5 दिन का कार्य $= \frac{1}{15} \times 5 = \frac{1}{3}$

इस प्रकार A और B का 5 दिन का कुल कार्य

$$= \frac{1}{2} + \frac{1}{3} = \frac{3+2}{6} = \frac{5}{6} \text{ भाग}$$

$$\text{शेष कार्य} = 1 - \frac{5}{6} = \frac{1}{6} \text{ भाग}$$

$\because$ C, 2 दिन में करता है $= \frac{1}{6}$ भाग

$\therefore$ C एक दिन में करेगा $= \frac{1}{6 \times 2} = \frac{1}{12}$ भाग

A, B एवं C के कार्य में अनुपात = 3 : 2 : 1

आनुपातिक योग $= 3 + 2 + 1 = 6$

$\therefore$ B का हिस्सा $= 1500 \times \frac{2}{6} = 500$ रु.

C का हिस्सा $= 1500 \times \frac{1}{6} = 250$ रु.

इस प्रकार B, 5 दिन में कमाता है = 500 रु.

$\therefore$ 1 दिन में कमाएगा $= \frac{500}{5} = 100$ रु.

तथा C, 2 दिन में कमाता है = 250 रु.

तो 1 दिन में कमायेगा $= \frac{250}{2} = 125$ रु.

अतः B और C की इकट्ठी एक दिन की कुल मजदूरी = 100 + 125 = 225 रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



पूर्णांक विधि

मान लीजिए कुल 30 कार्य हैं।

A, 10 दिन में करता है = 30 कार्य

तो 1 दिन में करेगा $= \frac{30}{10} = 3$ कार्य

$\therefore$ 5 दिन में करेगा $= 3 \times 5 = 15$ कार्य

तथा B, 15 दिन में करता है = 30 कार्य

तो 1 दिन में करेगा $= \frac{30}{15} = 2$ कार्य

$\therefore$ 5 दिन में करेगा $= 2 \times 5 = 10$ कार्य

चूंकि A और B मिलकर 5 दिन में कुल = 15+10=25 कार्य किए।

अब शेष कार्य 30 – 25 = 5 कार्य जो C, 2 दिन में करता है।

$\because$ कुल 30 कार्य की मजदूरी = 1500 रु. है

$\therefore$ B के किए गए 10 कार्य की मजदूरी

$$= \frac{1500}{30} \times 10 = 500 \text{ रु.}$$

तथा C के लिए गए शेष 5 कार्य की मजदूरी

$$= \frac{1500}{30} \times 5 = 250 \text{ रु.}$$

स्पष्ट है B, 5 दिन में कमाता है = 500 रु.

तो 1 दिन में कमायेगा $= \frac{500}{5} \times 1 = 100$ रु.

तथा C, 2 दिन में कमाता है = 250 रु.

तो 1 दिन में कमायेगा $= \frac{250}{2} = 125$ रु.

अतः B और C की 1 दिन की कमाई = 100 + 125 = 225 रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



प्रश्न 5. A, 6 दिन में 100 रु. कमाता है तथा B, 6 दिन में 50 रु. कमाता है, तो 100 रु. कमाने में दोनों एक साथ मिलकर कितने दिन कार्य करेंगे?



हल : परंपरागत विधि

A, की 1 दिन की मजदूरी $= \frac{100}{6}$ रु.

तथा B की 1 दिन की मजदूरी = $\frac{50}{6}$ रु.

A और B की मिलाकर एक दिन की मजदूरी

$$= \frac{100}{6} + \frac{50}{6}$$

$$= \frac{100+50}{6} = \frac{150}{6}$$

$$= 25 \text{ रु.}$$

$\because$ A और B, 25 रु. कमाते है = 1 दिन में

$\therefore$ A और B को 100 रु. कमाने में लगा समय

$$= \frac{1}{25} \times 100 = 4 \text{ दिन} \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$



सामान्य समझ पर

स्पष्ट है A और B दोनों 6 दिन में कुल 100 + 50 =150 रु. प्राप्त करते हैं।

$\because$ A और B को 150 रु. कमाने में लगा समय

= 6 दिन

$\therefore$ A और B को 100 रु. कमाने में लगा समय

$$= \frac{6}{150} \times 100 = 4 \text{ दिन} \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$



प्रश्न 6. एक मजदूर 25 दिनों के लिए इन शर्तों के अनुसार कार्यरत था कि यदि वह प्रतिदिन कार्य पर उपस्थित होगा, तो उसे 2 रु. प्राप्त होगा और यदि वह प्रतिदिन कार्य पर अनुपस्थित होगा, तो 50 पैसे का दंड शुल्क देगा। यदि वह मात्र 37.50 रु. प्राप्त करता है, तो उसके अनुपस्थित दिनों की संख्या ज्ञात कीजिए।



हल : परंपरागत विधि

माना मजदूर की अनुपस्थिति के दिनों की संख्या

$= x$ दिन

$\therefore$ उपस्थिति दिनों की संख्या $= (25 - x)$ दिन

प्राप्त राशि = 2 × उपस्थिति दिनों की संख्या

$$- \frac{50}{100} \times \text{ अनुपस्थिति दिनों की संख्या}$$

$$(\because 50 \text{ पैसे} = \frac{50}{100} \text{ रुपये})$$

$$37.50 = 2 \times (25 - x) - \frac{1}{2}(x)$$

$$= 50 - 2x - \frac{1}{2}x$$

$$= 50 - \left(\frac{4x + x}{2}\right)$$

$$= 50 - \frac{5x}{2}$$

$$\frac{5x}{2} = 50 - 37.50$$

$$2.5x = 12.50$$

$$x = 5 \text{ दिन}$$

अतः मजदूर के अनुपस्थित दिनों की संख्या = 5 $\Rightarrow$ **उत्तर**



सामान्य समझ पर

यदि मजदूर 25 दिन उपस्थित होता तो उसकी मजदूरी होती 25 × 2 = 50 रु. लेकिन यहां पर उसकी मजदूरी है 37.50 रु.।

यानी उसकी मजदूरी में 50 – 37.50 = 12.50 रु. की कमी है। स्पष्ट है यदि मजदूर एक दिन अनुपस्थित रहता है, तो उसकी मजदूरी में 2 + .50 = 2.50 रु. की कमी होगी।

चूंकि मजदूरी में 2.50 रु. की कमी होती है एक दिन की अनुपस्थिति में, तो मजदूरी में 12.50 रु. की कमी होगी

$$= \frac{1}{2.50} \times 12.50$$

= 5 दिन की अनुपस्थिति में

अतः मजदूर 5 दिन अनुपस्थित था।

$\Rightarrow$ **उत्तर**

प्रश्न 7. 40 पुरुषों को 2000 रु. कमाने के लिए आठ दिन लगते हैं। दो दिन में 200 रु. कमाने के लिए कितने पुरुष लगेंगे?

हल : परंपरागत विधि

∵ 8 दिन में 2000 रु. कमाने के लिए 40 पुरुष लगते हैं।

∴ 1 दिन में 1 रु. कमाने के लिए $= \frac{40\times8}{2000}$ पुरुष लगेंगे

∴ 2 दिन में 200 रु. कमाने के लिए

$$= \frac{40\times8\times200}{2000\times2}$$

= 16 पुरुष लगेंगे। ⇒ **उत्तर**

सूत्र विधि

$$\frac{M_1D_1}{W_1} = \frac{M_2D_2}{W_2}$$

(यहां M = पुरुषों की संख्या, D = दिनों की संख्या)

$$\frac{40\times8}{2000} = \frac{M_2\times2}{200}$$

(जहां W_1 और W_2 धनराशि है)

$M_2 = \frac{320\times200}{4000}$ = 16 पुरुष ⇒ **उत्तर**

प्रश्न 8. A एक कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकता है जबकि B उसे 30 दिन में कर सकता है। A कार्य आरंभ करके 10 दिन तक करता है, तब B भी उसमें शामिल हो जाता है और दोनों मिलकर उसे पूरा कर देते हैं तथा 480 रुपये कार्य के लिए प्राप्त करते हैं। A का भाग ज्ञात कीजिए।

हल : परंपरागत विधि

माना A और B मिलकर x दिनों तक कार्य करते हैं।

∵ A के एक दिन का काम $= \frac{1}{20}$ भाग

B के एक दिन का काम $= \frac{1}{30}$ भाग

प्रश्नानुसार,

$$\left(\frac{10}{20}+\frac{x}{20}\right)+\left(\frac{x}{30}\right)=1$$

$$\frac{x}{20}+\frac{x}{30}=1-\frac{1}{2}$$

$$\frac{3x+2x}{60}=\frac{1}{2}$$

$$\frac{5x}{60}=\frac{1}{2}$$

$$x=\frac{60}{5\times2}=6 \text{ दिन}$$

∴ A के द्वारा कुल लगा समय = 10 + 6 = 16 दिन

तथा B के द्वारा लगा समय = 6 दिन

∴ A तथा B के पारिश्रमिक का अनुपात

$$= \left(\frac{1}{20}\times16\right) : \left(\frac{1}{30}\times6\right)$$

$$= \frac{4}{5} : \frac{1}{5}$$

$$= 4:1$$

आनुपातिक योग = 4 + 1 = 5

∴ 480 रु. में A का भाग $= 480\times\frac{4}{5}$

= 384 रु. ⇒ **उत्तर**

सामान्य समझ पर

यदि A अकेला 20 दिन कार्य करता है तो उसे 480 रुपये मिलते हैं, इसलिए A अकेला 10 दिन कार्य करता है तो उसे प्राप्त राशि $= \frac{480}{20}\times10 = 240$ रु.

अब A और B के 1 दिन के कार्य का अनुपात

$$= \frac{1}{20} : \frac{1}{30} = 3 : 2$$

इसलिए शेष राशि (480 – 240 = 240) में A का भाग =

$$240 \times \frac{3}{(3+2)} = 48 \times 3 = 144$$

अत: A का कुल भाग = 240 + 144 = 384 रुपये।

अभ्यास प्रश्न

1. A और B किसी कार्य को क्रमश: 15 दिन और 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कार्य को 30,000 रु. में पूरा करने का ठेका लिया। ठेके की धनराशि में A का भाग क्या होगा?

2. सुमन एक काम को 3 दिन में और सुमति उसी काम को 2 दिन में कर सकती है, दोनों एक साथ मिलकर काम को पूरा करती हैं और उनको कुल 150 रु. मिलते हैं। इसमें सुमन का भाग क्या होगा?

3. 15 लड़के 5 दिनों में 900 रु. कमाते हैं। 20 लड़के 7 दिनों में कितना कमायेंगे?

4. एक दैनिक मजदूरी पाने वाले श्रमिक को 5,750 रु. पर कुछ दिनों के लिए रखा गया किंतु उन दिनों में से तीन दिन अनुपस्थित रहने के कारण उसे कुल 5,000 रु. दिए गए। उसकी अधिकतम संभव दैनिक मजदूरी कितनी थी?

5. एक पुरुष और एक लड़के ने मिलकर 5 दिन काम किया और उन्हें कुल मिलाकर 800 रु. मजदूरी प्राप्त हुई। पुरुष, लड़के की अपेक्षा तिगुना कार्य–कुशल है। लड़के की दैनिक मजदूरी कितनी है?

6. 2 आदमी तथा 1 औरत मिलकर किसी कार्य को 14 दिन में पूरा कर सकते हैं, जबकि 4 औरतें तथा 2 आदमी मिलकर उसे 8 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि एक आदमी को कार्य करने के बदले 600 रु. प्रतिदिन मिलते हों, तो एक औरत को प्रतिदिन कितनी धनराशि मिलनी चाहिए?

7. स्टेनी और पॉल एक कार्य को 28,800 रु. में तय करते हैं। उनमें एक अकेला वह कार्य 36 दिनों में पूरा कर सकता है और दूसरा उसे 48 दिनों में। एक विशेषज्ञ की मदद लेकर वे, वह कार्य 12 दिनों में पूरा कर देते हैं। तद्नुसार, उस विशेषज्ञ को कितना पारिश्रमिक देय होगा?

8. A और B ने किसी कार्य को करने का 4500 रुपये में ठेका लिया। A अकेला इस कार्य को 8 दिन में तथा B अकेला इस कार्य को 12 दिन में कर सकता है। C की सहायता से उन्होंने यह कार्य 4 दिन में पूरा कर लिया। तब ठेके की धनराशि में C का भाग क्या है?

9. A एक कार्य को 12 दिनों में कर सकता है जबकि B अकेले उसे 15 दिनों में कर सकता है। C की सहायता से वे उस कार्य को 5 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि उन्हें पूरे कार्य के लिए रु. 960 दिए जाएं, तो A को कुल कितनी राशि मिलेगी?

10. एक ठेकेदार एक मजदूर को इस शर्त पर काम पर रखता है कि यदि वह प्रतिदिन कार्य पर उपस्थित होगा, तो उसे 75 रु. प्राप्त होंगे। प्रत्येक दिन काम में अनुपस्थित रहने पर उसे मजदूरी से वंचित करने के अतिरिक्त उसकी राशि में से 15 रु. प्रतिदिन की दर से काट लिए जाएंगे। 20 दिन के बाद ठेकेदार ने मजदूर को कुल 1140 रु. दिए, तो मजदूर कितने दिन काम से अनुपस्थित रहा?

11. A, B और C को किसी कार्य को 575 रुपये में करने के लिए नियोजित किया गया है। मान लीजिए A और C मिलकर $\frac{19}{23}$ कार्य को पूरा कर लेते हैं तो B को कितनी राशि का भुगतान करेंगे?

12. A, B, C को 5290 रु. में किसी कार्य को करने के लिए लगाया गया है। माना कि A और B मिलकर $\frac{19}{23}$ कार्य करते हैं। B और C मिलकर $\frac{8}{23}$ कार्य करते हैं, तो A को कितने रुपये का भुगतान किया जाना चाहिए?

13. A और B की कार्य क्षमता का अनुपात 5 : 3 है यदि दोनों मिलकर कोई कार्य 3200 रु. में करते हैं तो उस मजदूरी में B का हिस्सा कितना होगा?

अभ्यास प्रश्नों का हल



हल 1. परंपरागत विधि

A का 1 दिन का कार्य = $\frac{1}{15}$ भाग

तथा B का 1 दिन का कार्य = $\frac{1}{10}$ भाग

A और B के कार्य के हिस्सों का अनुपात

$$= \frac{1}{15} : \frac{1}{10} = 2 : 3$$

आनुपातिक योग = 2 + 3 = 5

अतः A का हिस्सा/भाग $= 30{,}000 \times \frac{2}{5}$

= 12,000 रु. ⇒ **उत्तर**



पूर्णांक विधि

मान लीजिए कुल 30 कार्य हैं।

A, 15 दिन में करता है = 30 कार्य

तो 1 दिन में करेगा = $\frac{30}{15}$ = 2 कार्य

तथा B, 10 दिन में करता है = 30 कार्य

तो 1 दिन में करेगा = $\frac{30}{10}$ = 3 कार्य

स्पष्ट है दोनों मिलकर 1 दिन में करेंगे = 3 + 2 = 5 कार्य

चूंकि दोनों मिलकर 5 कार्य करते हैं = 1 दिन में

तो कुल 30 कार्य करेंगे = $\frac{1}{5} \times 30$ = 6 दिन

स्पष्ट है A, 6 दिन में करेगा = 6 × 2 = 12 कार्य

तथा B, 6 दिन में करेगा = 6 × 3 = 18 कार्य

∵ कुल 30 कार्य की मजदूरी = 30,000 रु. है

∴ A द्वारा किए गए 12 कार्य की मजदूरी

$$= \frac{30{,}000}{30} \times 12 = 12{,}000 \text{ रु.} \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$



हल 2. परंपरागत विधि

सुमन का 1 दिन का काम = $\frac{1}{3}$ भाग

तथा सुमति का 1 दिन का काम = $\frac{1}{2}$ भाग

∴ सुमन एवं सुमति के कार्य का हिस्सों का अनुपात

$$= \frac{1}{3} : \frac{1}{2}$$

$$= 2 : 3$$

आनुपातिक योग = 2 + 3 = 5

अतः सुमन का हिस्सा = $150 \times \frac{2}{5} = 60$ रु. ⇒ **उत्तर**



पूर्णांक विधि

मान लीजिए कुल 6 कार्य हैं।

सुमन 3 दिन में करती है = 6 कार्य

तो 1 दिन में करेगी = $\frac{6}{3}$ = 2 कार्य

तथा सुमति 2 दिन में करती है = 6 कार्य

तो 1 दिन में करेगी = $\frac{6}{2}$ = 3 कार्य

स्पष्ट है दोनों मिलकर 1 दिन में करती है

= 2 + 3 = 5 कार्य

∵ दोनों मिलकर 5 कार्य करती है = 1 दिन में

∴ दोनों मिलकर कुल 6 कार्य करेंगी = $\frac{1}{5} \times 6$

$$= \frac{6}{5} \text{ दिन में}$$

सुमन $\frac{6}{5}$ दिन में करेगी = $\frac{6}{5} \times 2 = \frac{12}{5}$ कार्य

तथा सुमति $\frac{6}{5}$ दिन में करेगी = $\frac{6}{5} \times 3 = \frac{18}{5}$ कार्य

$\because$ कुल 6 कार्य की मजदूरी = 150 रु. है

$\therefore$ सुमन द्वारा किए गए $\frac{12}{5}$ कार्य की मजदूरी

$= \frac{150}{6} \times \frac{12}{5} = 60$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



सामान्य समझ पर

स्पष्ट है सुमन एवं सुमति के द्वारा लिया गया समय का अनुपात 3 : 2 है।

तो इनकी मजदूरी का अनुपात = 2 : 3 होगा।

आनुपातिक योग = 2 + 3 = 5

अतः सुमन का हिस्सा = $150 \times \frac{2}{5} = 60$ रु.



हल 3. परंपरागत विधि

$\because$ 15 लड़के 5 दिन में कमाते हैं = 900 रु.

$\therefore$ 20 लड़के 7 दिन में कमायेंगे = $\frac{900 \times 20 \times 7}{5 \times 15}$

= 1680 रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



सूत्र विधि

$$\frac{M_1 D_1}{W_1} = \frac{M_2 D_2}{W_2}$$

$$\frac{15 \times 5}{900} = \frac{20 \times 7}{W_2}$$

$$W_2 = \frac{900 \times 20 \times 7}{15 \times 5} = 1680 \text{रु.} \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$



हल 4. परंपरागत विधि

माना मजदूर की दैनिक मजदूरी x तथा काम करने की दिनों के संख्या y थी।

$x \times y = 5{,}750$ रु. (i)

$x \times (y-3) = 5{,}000$

$xy - 3x = 5{,}000$

$5{,}750 - 3x = 5{,}000$

$3x = 5750 - 5{,}000$

$x = \frac{750}{3} = 250$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



हल 5. परंपरागत विधि

प्रश्नानुसार,

1 पुरुष की कार्य क्षमता = 3 लड़कों की कार्य क्षमता

अर्थात 1 पुरुष $\equiv$ 3 लड़के

1 पुरुष + 1 लड़का $\equiv$ 3 लड़का + 1 लड़का

$\equiv$ 4 लड़का

$\because$ 4 लड़के किसी काम को पूरा करते हैं = 5 दिन में

$\therefore$ 1 लड़का उसी काम को पूरा करेगा = 5×4

= 20 दिन में

स्पष्ट है 1 लड़का 20 दिन काम करके मजदूरी प्राप्त करता है = 800 रु.

तो 1 लड़के की दैनिक मजदूरी = $\frac{800}{20} = 40$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



सामान्य समझ पर

1 पुरुष तथा 1 लड़के के 5 दिन के काम की मजदूरी 800 रु. है।

इसलिए 1 पुरुष तथा 1 लड़के के 1 दिन की मजदूरी

$\frac{800}{5} = 160$ रुपये है।

चूंकि 1 पुरुष 1 लड़के से तिगुना कार्य करता है इसलिए

लड़के की एक दिन की मजदूरी = $160 \times \frac{1}{(1+3)} =$

$160 \times \frac{1}{4} = 40$ रुपये $\Rightarrow$ **उत्तर**

हल 6. परंपरागत विधि

∵ 14 दिन में किसी काम को पूरा करते हैं = 2 आदमी और 1 औरत मिलकर

∴ 1 दिन में उसी काम को पूरा करेंगे = 14 × (2 आदमी + 1 औरत)

= 28 आदमी + 14 औरत .....(i)

जबकि 8 दिन में उसी काम को पूरा करते हैं = 4 औरत तथा 2 आदमी

1 दिन में उसी काम को पूरा करेंगे = 8 (4 औरत + 2 आदमी)

= 32 औरत + 16 आदमी .....(ii)

समीकरण (i) एवं (ii) से स्पष्ट है

28 आदमी + 14 औरत ≡ 32 औरत + 16 आदमी

(28-16) आदमी ≡ (32–14) औरत

12 आदमी ≡ 18 औरत

1 आदमी $\equiv \frac{18}{12} \equiv \frac{3}{2}$ औरत

1 औरत = $\frac{2}{3}$ आदमी

∵ 1 आदमी की दैनिक मजदूरी = 600 रु. है

∴ 1 औरत अर्थात $\frac{2}{3}$ आदमी की दैनिक मजदूरी

$= \frac{600}{1} \times \frac{2}{3} = 400$ रु. ⇒ **उत्तर**

हल 7. परंपरागत विधि

स्टेनी उस कार्य को पूरा करता है = 36 दिन में

तथा पॉल उस कार्य को पूरा करता है = 48 दिन में

इस प्रकार स्टेनी का एक दिन का काम = $\frac{1}{36}$ भाग

तथा पॉल का एक दिन का काम = $\frac{1}{48}$ भाग

माना विशेषज्ञ उस कार्य को x दिन में पूरा करता है, तो

विशेषज्ञ का एक दिन का काम = $\frac{1}{x}$ भाग

अब

प्रश्नानुसार, $\frac{1}{36}+\frac{1}{48}+\frac{1}{x}=\frac{1}{12}$ भाग

$$\frac{1}{x}=\frac{1}{12}-\frac{1}{36}-\frac{1}{48}$$

$$=\frac{12-4-3}{144}$$

$$\frac{1}{x}=\frac{12-7}{144}=\frac{5}{144} \text{ भाग}$$

इस प्रकार विशेषज्ञ का एक दिन का काम = $\frac{5}{144}$ भाग है।

इसलिए विशेषज्ञ उस कार्य को पूरा करेगा = $\frac{144}{5}$ दिन में

इस प्रकार स्टेनी, पॉल एवं विशेषज्ञ को प्राप्त हिस्सों का

अनुपात = $\frac{1}{36} : \frac{1}{48} : \frac{5}{144}$

$$= \frac{144}{36} : \frac{144}{48} : \frac{5\times144}{144}$$

$$=4 : 3 : 5$$

आनुपातिक योग = 4 + 3 + 5 = 12

अतः विशेषज्ञ का भाग = 28,800 × $\frac{5}{12}$

= 12,000 रु. ⇒ **उत्तर**

हल 8. परंपरागत विधि

A का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{8}$ भाग

B का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{12}$ भाग

A, B एवं C का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{4}$ भाग

इस प्रकार C का एक दिन का कार्य = तीनों का एक दिन का कार्य – (A और B का एक दिन का कार्य)

$$= \frac{1}{4} - \left(\frac{1}{8} + \frac{1}{12}\right)$$

$$= \frac{1}{4} - \left(\frac{3+2}{24}\right)$$

$$= \frac{1}{4} - \frac{5}{24}$$

$$= \frac{6-5}{24} = \frac{1}{24} \text{ भाग}$$

स्पष्ट है A, B एवं C की कार्यक्षमता का अनुपात

$$= \frac{1}{8} : \frac{1}{12} : \frac{1}{24}$$

$$= \frac{24}{8} : \frac{24}{12} : \frac{24}{24}$$

[हरों का ल.स. अर्थात 24 से गुणा किया गया]

$= 3 : 2 : 1$

आनुपातिक योग $= 3 + 2 + 1 = 6$

अतः कुल मजदूरी 4500 रु. में C का हिस्सा

$$= 4500 \times \frac{1}{6} = 750 \text{ रु.} \Rightarrow \textbf{उत्तर}$$



अनुपात समझ पर

माना कुल कार्य 24 है।

	A	B	A+B+C
कुल दिन →	8	12	4
एक दिन का कार्य →	3	2	6

C का एक दिन का कार्य = (A + B + C) का एक दिन का कार्य – (A + B) का एक दिन का कार्य

$= 6 - (3 + 2) = 1$

अतः A, B, C की एक दिन की मजदूरी का अनुपात = 3 : 2 : 1

आनुपातिक योग $= 3 + 2 + 1 = 6$

C का हिस्सा $= \frac{4500}{6} \times 1 = 750$ रु.



हल 9. परंपरागत विधि

A द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= \frac{1}{12}$ भाग

B द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= \frac{1}{15}$ भाग

A, B एवं C का 1 दिन का कार्य $= \frac{5x}{2}$ भाग

C का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{5} - \left(\frac{1}{12} + \frac{1}{15}\right)$

$$= \frac{12-5-4}{60} = \frac{3}{60}$$

$$= \frac{1}{20} \text{ भाग}$$

∴ A, B एवं C द्वारा 1 दिन में किए गए कार्य का

अनुपात $= \frac{1}{12} : \frac{1}{15} : \frac{1}{20}$

$$= \frac{60}{12} : \frac{60}{15} : \frac{60}{20}$$

[हरों के ल.स. अर्थात 60 से गुणा किया गया]

$= 5 : 4 : 3$

आनुपातिक योग $= 5 + 4 + 3 = 12$

$\therefore$ 960 रु. में A की मजदूरी $= 960 \times \frac{5}{12} = 400$ रु.

$\Rightarrow$ **उत्तर**



अनुपात समझ पर

माना कुल कार्य 60 है।

	A	B	A+B+C	C
कुल दिन →	12	15	5	–
एक दिन का कार्य →	5	4	12	?

C का एक दिन का कार्य = (A + B + C) का एक दिन का कार्य – (A + B) का एक दिन का कार्य

$= 12 - (5 + 4) = 3$

अत: A, B, C की मजदूरी का अनुपात = 5 : 4 : 3

आनुपातिक योग = 5 + 4 + 3 = 12

कुल मजदूरी = 960

$\therefore$ A का हिस्सा = $\frac{960}{12} \times 5 = 400$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**



हल 10. परंपरागत विधि

माना मजदूर x दिन अनुपस्थित रहा।

$\therefore$ मजदूर के उपस्थित दिनों की संख्या = $(20-x)$ दिन

अब प्रश्नानुसार,

$$75(20-x) - 15x = 1140$$
$$1500 - 75x - 15x = 1140$$
$$90x = 1500 - 1140$$
$$x = \frac{360}{90} = 4 \text{ दिन}$$

अत: मजदूर 4 दिन अनुपस्थित रहा। $\Rightarrow$ **उत्तर**



सामान्य समझ पर

यदि मजदूर 20 दिन पूरे उपस्थित रहता है, तो उसकी मजदूरी होती $20 \times 75 = 1500$ रु. लेकिन यहां पर उसकी मजदूरी है 1140 रु. यानी मजदूरी में कमी = 1500 – 1140 = 360 रु.

स्पष्ट है यदि मजदूर 1 दिन अनुपस्थित रहता है, तो उसकी मजदूरी में कमी होगी (75 + 15 = 90 रु.) की।

चूंकि मजदूरी में 90 रु. कमी होती है एक दिन की अनुपस्थित में इसलिए मजदूरी में 360 रु. की कमी होगी

$= \frac{1}{90} \times 360$

= 4 दिन के अनुपस्थित में

अत: मजदूर कुल 4 दिन अनुपस्थित रहा। $\Rightarrow$ **उत्तर**



हल 11. सामान्य समझ पर

B द्वारा किया गया कार्य = $1 - \frac{19}{23} = \frac{4}{23}$ भाग

$\therefore$ कुल कार्य 23 में B का भाग = 4

$\therefore$ B को की गई राशि का भुगतान = $575 \times \frac{4}{23}$

$= 25 \times 4 = 100$ रुपये $\Rightarrow$ **उत्तर**



हल 12. परंपरागत विधि

A द्वारा किए गए कार्य का भाग

= (A+ B + C) द्वारा मिलकर किया गया कार्य – (B+C) द्वारा किया गया कार्य

$= 1 - \frac{8}{23}$

$= \frac{23-8}{23} = \frac{15}{23}$

अत: 23 भाग में A द्वारा किया गया कार्य = 15

$\therefore$ A को प्राप्त राशि = $5290 \times \frac{15}{23}$

$= 230 \times 15$

= 3450 रुपये $\Rightarrow$ **उत्तर**



हल 13. अनुपात समझ पर

A और B की क्षमता का अनुपात = 5 : 3

A और B की मजदूरी का अनुपात = 5 : 3

आनुपातिक योग = 5 + 3 = 8

कुल मजदूरी = 3200 रु.

$\therefore$ B का हिस्सा = $\frac{3200}{8} \times 3 = 1200$ रु. $\Rightarrow$ **उत्तर**

परीक्षा प्रश्न

प्रश्न 1. A, B तथा C मिलकर 300 रु. प्रतिदिन कमाते हैं। A व C मिलकर 188 रु. तथा B व C मिलकर 152 रु. कमाते हैं। C की प्रतिदिन की कमाई होगी ?

(a) 40 रु. (b) 68 रु.

(c) 112 रु. (d) 116 रु.

R.R.C. मुंबई (ग्रुप-D) परीक्षा, 2014

R.R.C. चेन्नई (ग्रुप-D) परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)



हल : सामान्य समझ पर

C की प्रतिदिन की कमाई = (A+C) एवं (B+C) की प्रतिदिन की कमाई – (A+B+C) की प्रतिदिन की कमाई

$= 188 + 152 - 300$

$= 40$ रुपये

अत: C की प्रतिदिन की कमाई 40 रु. है।

प्रश्न 2. A एक काम को अकेले 6 दिनों में और B अकेले 8 दिनों में पूरा कर सकता है। A और B मिलकर 3,200 रु. में इस काम को करने का जिम्मा लेते हैं। C के सहयोग से उन्होंने इस काम को 3 दिनों में पूरा कर लिया। C को कितना भुगतान दिया जाएगा?

(a) 375 रु. (b) 400 रु.

(c) 600 रु. (d) 800 रु.

R.R.C. दिल्ली (ग्रुप-D) परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)



हल : अनुपात समझ पर

C द्वारा एक दिन में किया गया काम $= \frac{1}{3} - \left(\frac{1}{6} + \frac{1}{8}\right)$

$= \frac{8 - (4+3)}{24} \Rightarrow \frac{1}{24}$

अत: इनके एक दिन के काम का अनुपात

$= \frac{1}{6} : \frac{1}{8} : \frac{1}{24} \Rightarrow \frac{4}{24} : \frac{3}{24} : \frac{1}{24}$

तब, C को होने वाला भुगतान $= \frac{1}{(4+3+1)} \times 3200$

$= 400$ रु.

प्रश्न 3. प्रवास पर एक व्यक्ति के पास खर्च के लिए 9,600 रु. हैं। यदि उसका यह प्रवास 16 दिन बढ़ जाता है, तो उसे अपने दैनिक खर्च में 20 रु. की कटौती करनी पड़ेगी। प्रवास की मूल अवधि ज्ञात कीजिए ?

(a) 80 दिन (b) 60 दिन

(c) 50 दिन (d) 70 दिन

R.R.C. इलाहाबाद (ग्रुप-D) परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)



हल : परंपरागत विधि

माना प्रवास की मूल अवधि x दिन है।

$\therefore$ प्रतिदिन का खर्च $= \frac{9600}{x}$ रु.

जब प्रवास 16 दिन बढ़ जाए, तब प्रतिदिन का खर्च $= \frac{9600}{x+16}$

प्रश्नानुसार

$$\frac{9600}{x} = \frac{9600}{x+16} + 20$$

$$\frac{9600}{x} - \frac{9600}{x+16} = 20$$

या $9600\left(\frac{1}{x} - \frac{1}{x+16}\right) = 20$

$$\frac{x+16-x}{x(x+16)} = \frac{1}{480}$$

$x^2 + 16x = 480 \times 16$

$x^2 + 96x - 80x - 7680 = 0$

$x(x+96) - 80(x+96) = 0$

$(x+96)(x-80) = 0$

$x = 80, -96$

अत: प्रवास की अवधि $= 80$ दिन

विकल्प विधि

विकल्प (a) 80 दिन लेने पर

$\frac{9000}{80}=120$ तथा

$\frac{9600}{80+16}=100$

दोनों में अंतर 20 है, अत: यही अभीष्ट विकल्प है।

प्रश्न 4. यदि 6 व्यक्ति 8 घंटे प्रतिदिन कार्य करके प्रति सप्ताह 8400 रुपये अर्जित करते हैं, तो 9 व्यक्तियों द्वारा 6 घंटे प्रतिदिन कार्य करके प्रति सप्ताह अर्जित की जाने वाली राशि होगी-

(a) 8400 रुपये (b) 16800 रुपये

(c) 9450 रुपये (d) 16200 रुपये

S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2002

S.S.C. (लोअर डिवीजन क्लर्क) परीक्षा, 2005

उत्तर—(c)

हल : सामान्य समझ पर

∵ 6 व्यक्ति 8 घंटे प्रतिदिन काम करके एक सप्ताह में कमाते हैं = 8400 रुपये

∴ 1 व्यक्ति 1 घंटे प्रतिदिन काम करके प्रति सप्ताह कमाएगा

$=\frac{8400}{6\times 8}$

∴ 9 व्यक्ति 6 घंटे प्रतिदिन काम करके प्रति सप्ताह कमाएंगे

$=\frac{8400\times 9\times 6}{6\times 8} \Rightarrow 9450$ रुपये

प्रश्न 5. एक दैनिक मजदूरी पाने वाले श्रमिक को 5,750 रु. पर कुछ दिनों के लिए रखा गया किंतु उन दिनों में से तीन दिन अनुपस्थित रहने के कारण उसे कुल 5000 रु. दिए गए। उसकी अधिकतम संभव दैनिक मजदूरी कितनी थी?

(a) 125 रु. (b) 250 रु.

(c) 375 रु. (d) 500 रु.

S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2006

उत्तर—(b)

हल : परंपरागत विधि

माना मजदूर की दैनिक मजदूरी x तथा काम करने वाले दिनों की संख्या y थी।

$x\times y=5750$ .....(i)

अत: प्रश्नानुसार

$x\times(y-3)=5000$

$xy-3x=5000$

$5750-3x=5000$ (समी (i) से xy का मान रखने पर)

$750=3x$

$\therefore\ x=250$ रु.

सामान्य समझ पर

3 दिन की अनुपस्थिति के लिए मजदूरी में कटौती

$=5750-5000$

$=750$ रु.

अत: प्रतिदिन मजदूरी $=\frac{750}{3}=250$ रु.

प्रश्न 6. एक पुरुष और एक लड़के ने मिलकर 5 दिन काम किया और उन्हें कुल मिलाकर 800 रु. मजदूरी प्राप्त हुई। पुरुष लड़के की अपेक्षा तिगुना कार्य-कुशल है। लड़के की दैनिक मजदूरी कितनी है?

(a) 76 रु. (b) 56 रु.

(c) 44 रु. (d) 40 रु.

S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2005

उत्तर—(d)

हल : सामान्य समझ पर

1 पुरुष = 3 लड़के

तथा, 1 पुरुष + 1 लड़का = 4 लड़के

अत: एक लड़के द्वारा कार्य को खत्म करने में लिया गया समय $=5\times 4$

$=20$ दिन

$\therefore$ लड़के की दैनिक मजदूरी $=\frac{800}{20}=40$ रु.